प्रवेशार्थियों के लिए

राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय मालदेवता (रायपुर) देहरादून

एक परिचय

वर्तमान सत्र में संपूर्ण उत्तराखंड में समर्थ पोर्टल द्वारा प्रवेश प्रक्रिया की जा रही है| शासन स्तर पर यह एक महत्वपूर्ण पहल है जिससे छात्र-छात्राओं को एक ही प्लेटफार्म पर एक साथ दस महाविद्यालयों को चुनने का अवसर मिलेगा ऐसे में छात्र छात्रायें जिस महाविद्यालय का चुनाव अपने भविष्य निर्माण के लिए करने जा रहे हैं उसकी विशेषताओं से परिचित होना उनके लिए बहुत महत्वपूर्ण है|

राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय मालदेवता (रायपुर) देहरादून राजधानी का एक महत्वपूर्ण महाविद्यालय है जहां वाणिज्य संकाय में स्नातक तथा कला एवं विज्ञान संकाय में स्नातक एवं स्नातकोत्तर तक की कक्षाएं संचालित होती हैं इस महाविद्यालय में अधिकतर मध्यम और निम्न- मध्यम आय वर्ग के परिवारों से छात्र-छात्रायें शिक्षा ग्रहण करने आती हैं जिन्हें अध्ययन अध्यापन के साथ-साथ आर्थिक समस्याओं का भी सामना करना पड़ता है| ऐसे में महाविद्यालय में अध्ययन अध्यापन के साथ-साथ उद्यमिता विकास विभिन्न क्षेत्रों में छात्र छात्राओं को सक्षम बनाने का प्रयास किया जाता है तथा विभन्न कार्यक्रमों के माध्यम से उनके बहुमुखी विकास द्वारा वर्तमान चुनौतियों का सामना करने के लिये तैयार किया जाता है |

महाविद्यालय में संचालित पाठ्यक्रम तथा निर्धारित सीटें

वाणिज्य संकाय		
विषय	निर्धारित सीटें	
	स्नातक	स्नातकोत्तर
वाणिज्य	180	
विज्ञान संकाय		
वनस्पति विज्ञान	60	15
रसायन विज्ञान	120	15
गणित	60	15
भौतिक विज्ञान	60	15
जन्तु विज्ञान	60	15
कला संकाय		
हिंदी	120	30
शिक्षा शास्त्र	120	30
राजनीति विज्ञान	120	30
अंग्रेजी	120	
इतिहास	120	
अर्थशास्त्र	120	
सैन्य विज्ञान	120	
मानव शास्त्र	60	
बी० एस-सी ० गृह विज्ञान		
गृह विज्ञान	60	